तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

10 सोनकर समाज ने किया पार्षदों का सम्मान

12 ध्रुव गोंड समाज की महासभा में नशामुक्ति...


## खबर संक्षेप

### अमर पारवानी आज धमतरी में

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेशाध्यक्ष रह चुके अमर पारवानी का नगर आगमन 4 मार्च मंगलवार दोपहर 1 बजे अग्रसेन भवन में होगा। वे व्यापारियों से समस्याओं को लेकर चर्चा करेंगे। महेश जसूजा ने सभी व्यापारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आज

**धमतरी।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं में जागरूकता लाने तथा कोटपा एक्ट के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन 4 मार्च को किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने बताया कि सुबह 11 बजे से यह प्रशिक्षण सह कार्यशाला सीएमएचओ कार्यालय के प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

### अटंग में त्रिदिवसीय सत्संग समारोह 5 से

**सिर्री।** ग्राम अटंग में कबीर सत्संग समिति तत्वावधान में एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 5 से 7 मार्च तक त्रिदिवसीय भव्य सत्संग समारोह का आयोजन साईं मंदिर के समीप साहू भवन में रखा गया है।



मुख्य प्रवचकर्ता रंजीत साहेब हैं। साथ ही समेंद्र साहेब और अनिल साहेब सहयोगी प्रवक्ता के रूप में उपस्थित होंगे। इसके अलावा अन्य संत, साध्वी भी विभिन्न स्थलों से आयेंगे। प्रवचन का समय सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक रखा गया है। अंतिम दिवस में सुबह 10 से 2 बजे तक प्रवचन होगी एवं आरती पश्चात प्रसादी बांटी जाएगी।

### लाईवलीहुड कॉलेज में अनआर्मड सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में अनआर्मड सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास पुरूष आवेदक आगामी 10 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सहा. परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद स्थानीय स्तर पर नियोजन किया जाएगा। आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

■ आवेदन 10 मार्च तक आमंत्रित

---

### सुर्खियों में रहा जनपद पंचायत मगरलोड

# फर्जी वाहन नम्बरों को पीटपास जांच करेगी खनिज विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत मेघा के रेत खदान में फर्जी नम्बर वाले वाहनों से पीटपास जारी करने का मामला 10 साल बाद भी अधर में लटका है। शिकायत के बाद पुलिस महानिरीक्षक ने इस मामले की जांच की जिम्मेदारी धमतरी एसपी को सौंपी है। धमतरी एसपी कार्यालय से अब जांच की जवाबदारी खनिज विभाग के पाले में डाल दी गई है। उधर खनिज विभाग इस मामले में कुछ कहने की स्थिति में नहीं है।

मामला सन 2015 का है, जब रेत खदानें पंचायत तथा जनपद के माध्यम से संचालित होती थीं। जनपद पंचायत मगरलोड सामान्य प्रशासन स्थाई समिति के अध्यक्ष निरूपा दाऊ, विरेन्द्र कुमार साहू, सुलेखा ठाकुर, उत्तम साहू, करूणा यदु, पूजा चंद्राकर, रूपा साहू, हिरंजय साहू 7 अगस्त 2015 को मेघा रेत खदान संचालन का प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान मेघा रेत खदान से मोटर सायकल, लूना, मोपेड, कार, ऑटो रिक्शा, हार्वेस्टर, जेसीबी मशीन, पजेरो कार जैसे वाहनों के नम्बर से बड़े पैमाने पर दस्तावेजों में रेत परिवहन दर्शाकर फर्जीवाड़ा किया गया, जिससे शासन को राजस्व की भारी क्षति हुई। आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार के शिकायत पर पुलिस अधीक्षक धमतरी ने पुलिस महानिरीक्षक रायपुर के पत्र का संदर्भ देते हुए जिला खनिज अधिकारी जांच कर उचित कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया है।

इस संबंध में खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। सहायक खनिज अधिकारी सुभाषचंद्र साहू ने कहा कि उच्चाधिकारी के मार्गदर्शन में जांच किया जायेगा।


फाइल फोटो

#### फर्जी नम्बर वाहनों से राजस्व की भारी क्षति

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीटपास जारी करने के दौरान वाहन चालकों को वाहन नम्बर और क्षमता के अनुसार 10, 12, 15 घनमीटर का अभिवहन पास दिया जाता था, लेकिन कार्बन कापी भरा नहीं जाता था। फर्जी वाहनों के नम्बर पर 3 घनमीटर की रायल्टी काटकर शेष घनमीटर की रायल्टी राशि का गबन किया गया है। सैकड़ों वाहनों के फर्जी नम्बर से लाखों रूपया राजस्व का नुकसान शासन को हुआ है।

#### शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा में बड़े पैमाने में गिरफ्तारी की संभावना

वर्ष 2007 में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा किया गया था, जिसमें 105 लोक सेवकों के खिलाफ पुलिस थाना मगरलोड में अपराध क्रमांक 124/2011 धारा 420, 467, 468, 471, 120बी तथा 03(9) 4 एसटी एससी व साक्ष्य नष्ट करने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में विवेचना धमतरी पुलिस की एसआईटी कर रही है। इस मामले में अब तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके तिवारी की गिरफ्तारी हुई। जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, सभापति नीलकंठ सिन्हा, शत्रुघन साहू, नारायण ध्रुव उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत पर हैं। शिक्षाकर्मी सुनील कुमार जांगड़े की अग्रिम जमानत याचिका विशेष न्यायाधीश जिला सत्र न्यायालय धमतरी ने खारिज कर दी है। ऐसे में धमतरी पुलिस की एसआईटी शीघ्र ही बड़े पैमान पर गिरफ्तारी शुरू कर सकती है।

---

# धमतरी कुष्ठ मुक्त जिला बनने की ओर अग्रसर





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ स्वास्थ्य अमला कर रहा सर्वे

प्रदेश शासन द्वारा कुष्ठ मुक्त राज्य बनाने चलाये जा रहे 100 दिवसीय अभियान के तहत धमतरी कुष्ठ मुक्त जिला बनने की ओर अग्रसर है।

छत्तीसगढ़ में निक्षय निरामय अभियान चलाया जा रहा है। धमतरी जिला में यह अभियान 7 दिसंबर 2024 से जारी है, जो 24 मार्च 2025 तक चलेगा। इसके तहत कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशन, सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक के मार्गदर्शन व डीपीएम डॉ. प्रिया कंवर के नेतृत्व में मितानिन व स्वास्थ्य अमला घर-घर सर्वे कर रही हैं। गांवों व स्कूलों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल समन्वयक एके साहू ने बताया कि सर्वे के चलते जिले में अब तक 48 नये कुष्ठ रोगी मिले हैं। मरीजों की जांच व उपचार किया जा रहा है। जिले में बच्चे एवं अक्षमता के केस नहीं पाये गये हैं। इस कारण कुष्ठ मुक्त होने की दिशा में धमतरी प्रदेश में पहला जिला बनने की ओर अग्रसर है। जिला नोडल समन्वयक श्री साहू ने कहा कि वर्ष 2027 तक धमतरी जिला कुष्ठ मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य है।

# ट्रक-हाइवा में भिड़ंत, बाइक भी चपेट में आई

■ बालोदगहन की घटना, चार घायल

**धमतरी।** नेशनल हाईवे में बालोदगहन के पास ट्रक व हाइवा में जोरदार भिड़ंत हो गई है। घटना में बाइक चालक भी चपेट में आ गया। जिससे चार लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को हाइवा क्रमांक सीजी 08 एसी 2528 सोरिद में रेत खाली कर नेशनल हाईवे से होते हुए चारामा की तरफ जा रही थी। चारामा की तरफ से ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलडब्ल्यू 5256 धान भरकर धमतरी की तरफ आ रही थी। इसी दौरान पुरूर के आगे ग्राम बालोदगहन के पास हाइवा और ट्रक में आपने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। पीछे आ रही बाइक ट्रक से टकरा गई। घटना में हाइवा चालक राजू साहू पिता डोमन उम्र 27 वर्ष, रूपेन्द्र साहू पिता तानेश्वर उम्र 17 वर्ष दोनों ग्राम कुथरेल थाना रनचिरई निवासी व ट्रक चालक पप्पू राम खरे पिता पंचराम उम्र 45 वर्ष कुरूद निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक के पीछे टकराने से बाइक चालक रामअवतार साहू पिता बलराम उम्र 35 वर्ष मगरलोड निवासी को भी चोट आई है। सूचना पर पुरूर पुलिस व हाईवे की एम्बुलेंस 1033 मौके पर पहुंच चारों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।




# आबादी क्षेत्र में टावर लगाने का विरोध


सिवनीकला से ग्रामीणों ने जनदर्शन में की शिकायत

**धमतरी।** कुरूद विकासखंड के ग्राम सिवनीकला के आबादी क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने का विरोध ग्रामवासियों ने किया है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण अध्यक्ष कांशीराम साहू, सुरेश, कांति तारक, लोमेश साहू, नरेश आदि ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र में कहा है कि ग्राम सिवनीकला के बीच बस्ती में एक व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन पर एयरटेल का टावर लगाया जा रहाहै। मोहल्ले तथा ग्रामवासी के मना करने के बावजूद दबंगई पूर्वक टावर लगाने का काम कर रहा है। टावर स्थापना पर सभी ग्रामीणों को आपत्ति है। उन्होंने टॉवर स्थापना पर रोक लगाने की मांग की है।

# आधा घंटा तक पुलिस-नक्सली के बीच हुई फायरिंग

■ मांदागिरी जंगल में मुठभेड़, दो से तीन नक्सलियों के घायल होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मांदागिरी के जंगल व पहाड़ियों में सर्चिंग के लिए निकली पुलिस पार्टी व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। आधा घंटा तक चले फायरिंग में दो से तीन नक्सलियों के घायल होने की संभावना बताई जा रही है।

जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सोमवार को जिले के खल्लारी थाना क्षेत्र के गांव मांदागिरी के जंगल में प्रतिबंधित माओवादी की मौजूदगी की सूचना डीआरजी को मिली। सूचना पर डीआरजी के 25 से 30 जवान जंगल में सर्चिंग के लिए निकले। सर्च अभियान के दौरान मांदागिरी के जंगल व पहाड़ियों में पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। यह मुठभेड़ आधे घंटे तक चली। माओवादियों द्वारा स्वचलित हथियारों से पुलिस पार्टी पर फायरिंग की गई। जवाब में पुलिस पार्टी डीआरजी की टीम ने पेड़ों की आड़ फायरिंग की शुरू कर दी। बाद में नक्सली जंगल में भाग गए। मुठभेड़ के बाद डीआरजी की टीम द्वारा बारिकी से सर्चिंग की जा रही है। मुठभेड़ में दो से तीन नक्सलियों को गोली लगने की संभावना है।


फाइल फोटो

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# आज लेंगे बलजीत शपथ पार्षद भी संभालेंगे पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नगर पंचायत नगरी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा और 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 4 मार्च दोपहर 12 बजे नगर पंचायत परिसर में आयोजित होगा। नगर निगम धमतरी के महापौर जगदीश रामू रोहरा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। विधायक अंबिका मरकाम अध्यक्षता करेंगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय किसान मोर्चा मंत्री पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, श्रीमती आराधना शुक्ला, नागेंद्र शुक्ला, नंद यादव समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

#### नगर विकास को मिलेगी नई दिशा

इस शपथ ग्रहण समारोह के बाद नगर पंचायत नगरी में नए प्रशासनिक दौर की शुरुआत होगी। नगर की जनता को नए नेतृत्व से विकास की नई उम्मीदें हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजीत और पार्षदों की टीम के कंधों पर नगर को एक आदर्श नगरी बनाने की जिम्मेदारी होगी। नगरवासियों को इस समारोह में आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने नए जनप्रतिनिधियों को समर्थन और आशीर्वाद दे सकें।

# गंगरेल बांध का जलस्तर बढ़ा 400 एकड़ की फसल हुई तबाह

डूब प्रभावित किसानों ने जलस्तर सामान्य रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुरूमसिल्ली, दुधावा बांध से पानी आने के कारण गंगरेल बांध का जलस्तर बढ़ गया है। गंगरेल बांध के डूबान में बसे गांवों में दलहन, तिलहन की फसल लगी है। ज्यादा पानी होने से इन गांवों में फसल तबाह हो गई है। किसानों ने गंगरेल बांध का जलस्तर नियंत्रित रखने की मांग की है।

गंगरेल डूबान क्षेत्र के ग्राम तिर्रा, कोलियारी के ग्रामीणों ने गंगरेल जलाशय का जलस्तर समान रूप से रखने की मांग की है। किसान इंदल सिंह मंडावी, पुरूषोत्तम मंडावी, प्रेमदास निषाद, अजीर खान, अमित कुमार, रूपेश साहू, इमरान खान आदि ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गंगरेल बांध के किनारे गांवों में बसे डूब प्रभावित लोग अपना जीवन यापन करने के लिए जलाशय के किनारे दलहन, तिलहन तथा धान फसल की खेती करते हैं। इसके अलावा उनके पास आय का कोई स्त्रोत नहीं है। वर्तमान में माड़मसिल्ली तथा दुधावा बांध के पानी को गंगरेल बांध में लाया जा रहा है जिससे बांध का जलस्तर गया है। जलस्तर बढ़ने से खेतों तक पानी पहुंच गया है और उनकी फसल डूबने लगी है। डूब क्षेत्र के 400 एकड़ फसलों को नुकसान हो रहा है। आधी फसल डूबकर खराब हो गई है। उन्होंने गंगरेल जलाशय में पानी स्थिर रखने की मांग करते हुए कहा है कि फसल खराब होने पर डूब क्षेत्र के लोगों को पलायन करना पड़ सकता है।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

### कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : रामू रोहरा

# कार्यकाल के पहले दिन सभी विभागों में पहुंचे महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अपने कार्यकाल के पहले दिन महापौर रामू रोहरा ने नगर निगम कार्यालय के सभी विभागों का औचक निरीक्षण किया। कार्यभार सम्हालते ही उन्होंने संकेत दे दिया है कि अब कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उपायुक्त पीसी सार्वा थे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की साफ सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यशैली का जायजा लिया। सभी कक्षों का बारी-बारी से निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली। फाइलों के रखरखाव, दस्तावेजों के संकलन लेते हुए उन्होंने लंबित मामलों पर अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान महापौर ने कामकाज को सुचारू और पारदर्शी बनाने निर्देश दिए। कार्यालय की साफ सफाई व्यवस्था को तत्काल सुधारने निर्देश दिए। कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की। जल विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग नगर निगम के प्रमुख विभाग में से एक हैं। इन विभागों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान कितनी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमजनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से किया जाए, इसमें लापरवाही न हो।



#### कोई दफ्तर के चक्कर न लगाए

उन्होंने कहा कि नगर निगम का मुख्य उद्देश्य जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। नागरिकों की समस्या का तत्काल समाधान होना चाहिए, ताकि नागरिकों को दफ्तर के चक्कर लगाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त कमियों को तुरंत दूर करने का आदेश दिया। महापौर के औचक निरीक्षण से कार्यालय में हड़कंप मच गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025,
09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितम्बर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### गांव में मूलभूत सुविधा बहाल रखने की ली शपथ

**धमतरी।** विकासखंड कुरूद के ग्राम पंचायत भाठागांव के नवनिर्वाचित भाजपा समर्थित सरपंच श्रीमती पुष्पलता रामनारायण साहू ने सोमवार को ग्राम पंचायत भवन में शपथ ग्रहण कर गांव की कमान संभाल ली है। पंचायत सचिव ने उन्हें शपथ दिलाई। सरपंच श्रीमती साहू ने गांव में पानी, बिजली, राशन कार्ड, सड़क सहित गांव का चहुंमुखी विकास करने की शपथ ली है। शपथग्रहण का गांव व वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, युवा व गणमान्य नागरिक साक्षी बने हैं।

## निधन

### जुगराम साहू



**अंवरी।** ग्राम गातापार निवासी जुगराम साहू का आकस्मिक निधन 2 मार्च को हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर चले गये। वे इन्दौतीन बाई साहू के पति एवं बिरसिंग साहू के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम गृहग्राम के शांतिघाट में हुआ जिसमें परिवारजन, समाजजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### देवचरण साहू



**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी निवासी सेवानिवृत्त विद्युत विभाग कर्मचारी देवचरण साहू 66 वर्ष का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। वे मुकेश कुमार साहू, घनश्याम साहू, किशोर कुमार साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। मौके पर केवल राम साहू, जीवन साहू, चम्मन साहू, डोमेश्वर साहू, वासु साहू, साहू, वेदांत साहू, दद्दू साहू, निखिल, पलक्ष साहू, कृपा राम, योगेश, उमंग, दिव्यांश, देवप्रिया, दक्षा समेत परिजन और ग्रामीणों ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### हेमसिंग कंवर



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा के निवासी श्रीमान हेमसिंग कंवर 57 वर्ष का निधन 28 फरवरी शुक्रवार को हो गया। वे डामीन कँवर के पति, नीरा बाई कँवर के देवर एवं नोमेश, उमाकांत, राहुल योगेश्वरी कँवर के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम डांडेसरा के शांति घाट में किया गया, जिसमें बिनेश, फलेन्द्र, ओमप्रकाश, नेमसिंग, सीताराम, शिवकुमार, अनिल, प्रकाश, पेमन, नरेंद्र, नेतराम, राजवीर, नोमराज, गगन सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

समाज के चार पार्षदों ने जीता चुनाव, रामबाग स्थित भवन में हुआ सम्मान समारोह

# सोनकर समाज ने किया पार्षदों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





नगरीय निकाय चुनाव में जीत दर्ज करने वाले समाज के नवनिर्वाचित 4 पार्षदों का समाज द्वारा सम्मान किया गया।

सोनकर समाज द्वारा सोमवार को रामबाग स्थित समाज भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में सोनकर समाज के 7 प्रत्याशियों ने उम्मीदवारी कि थी, जिसमें से 4 प्रत्याशियों ने शानदार जीत दर्ज कर समाज को गौरवांवित किया है। इस उपलक्ष्य में सोनकर समाज द्वारा चारों नवनिर्वाचित पार्षद ईश्वर लाल सोनकर महात्मा गांधी वार्ड, कोष्टापारा वार्ड के पार्षद व सोनकर समाज के राज अध्यक्ष संतोष सोनकर, महिमासागर वार्ड में जीत की हैट्रिक बनाने वाले पार्षद दीपक सोनकर व विंध्यवासिनी वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद अखिलेश सोनकर का सम्मान समाजजनों द्वारा माला पहनाकर, श्रीफल व मोमेंटो प्रदानकर सम्मान किया गया। पार्षद अखिलेश सोनकर की अनुपस्थिति में उनके परिवार से धनेश सोनकर को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज अध्यक्ष व नवनिर्वाचित पार्षद संतोष सोनकर ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा व कांग्रेस से समाज के 7 लोगों को प्रत्याशी बनाया गया था। जिसमें से 4 प्रत्याशी विजयी हुए हैं। यह समाज के लिए गौरव की बात है। चुनाव में टिकट मिलना जितना कठिन है उससे ज्यादा 5 साल जनता के अपेक्षाओं उतरना कठिन है। हम सभी मिलकर समाज के विकास के लिए प्रयास करेंगे। पार्षद ईश्वर सोनकर ने कहा कि सभी सामाजिकजन व वार्डवासियों के सहयोग से दूसरी बार पार्षद बने हैं। पार्षद दीपक सोनकर ने कहा कि समाजजनों के सहयोग व वार्ड के मतदाताओं ने तीसरी बार उस पर भरोसा जताया है। यह उनका आशीर्वाद है। उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्य धनीराम सोनकर, प्रीतराम सोनकर, जीवन सोनकर, नरेश सोनकर, राजू सोनकर, कांशीराम सोनकर, कल्लूराम सोनकर, लक्ष्मण सोनकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिता सोनकर, सदर दक्षिण वार्ड की प्रत्याशी रही दीपमाला सोनकर, गगन सोनकर, बसंत सोनकर सहित अन्य सदस्य व समाजजन उपस्थित थे।

# भुसरेंगा में हुआ आदिवासी समाज का वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



ग्राम भुसरेंगा मुड़ा आदिवासी समाज का वार्षिक अधिवेशन रविवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भानु चन्द्राकर ने किया। उन्होंने सामाजिक एकता पर जोर दिया साथ ही गोंड समाज के लिए आगे सहयोग देने का आश्वासन दिया।

डाही परिक्षेत्र से आमंत्रित अतिथियों ने समाज का स्तर को सुधारने पर जोर देते हुए समाज को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक, सांस्कृतिक, संवैधानिक, स्वास्थ्य एवं नैतिकता से व्यक्तित्व विकास संभव है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर थे। उन्होंने कहा कि समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समाजिक समरसता के साथ स्वरोजगार पर ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम में सभापति नरोत्तम छैदहा, ठाकुर राम मंडावी, सुभाष कतलम, भीखमलाल नेताम, विक्रम मंडावी, चन्द्रसेन नेटी, नारायण कोर्राम, परसराम नेताम, गिरधारी लाल नागवंशी, डी आर गौतम टोकेश्वर नेताम, नारायण कोर्राम, कमलनारायण मंडावी, टेकराम कोर्राम, संचालक सुरेश नेताम, लोकसिंह, कोषाध्यक्ष हीरालाल मंडावी, उपाध्यक्ष रामाधीन छेदैहा, सचिव रोशन पडोटी, सहसचिव मोहन नेताम, ग्राम भुसरेंगा से पंचदेव सोरी ग्रामीण अध्यक्ष , तिलक नेताम, शिव मंडावी, सेमरा डी से दिनेश कोर्राम अध्यक्ष, इन्द्रमण नेताम सचिव, चेतन पडोटी, कोषाध्यक्ष कन्हारपुरी मनोहर कोर्राम, अध्यक्ष रमेश मरकाम, सचिव मयाराम नागवंशी चोरभट्ठी, ओम मंगलू मंडावी आदि उपस्थित थे।

# धूमा में नवनिर्वाचित सरपंच पंचगण ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत धूमा में 3 मार्च को नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित सरपंच विद्या रामजी साहू सहित समस्त 10 वार्ड के पंचों ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने एवम पंचायती राज अधिनियम 1993 के नियमों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली। नवनिर्वाचित पंचगण में चंद्रशेखर साहू वार्ड 1, रूखमणी बाई वार्ड 2, झामीन बाई वार्ड 3, तोषणी साहू वार्ड 4, विजय कुमार वार्ड 5, आशा बाई वार्ड 6, रामजी साहू वार्ड 7, विमला बाई वार्ड 8, परदेशी राम वार्ड 9, भारती यादव वार्ड 10 शामिल हैं। मौके पर सचिव शीला साहू, भुनेश्वर राम साहू पूर्व सरपंच, रामकुमार साहू, धनीराम, केवल साहू, दिलीप कुमार, हेमलाल, नकुल राम, मानिक राम, माधोराम, रामप्यारा साहू, ओमप्रकाश साहू, इंद्रकुमार साहू, पारखचंद, रोजगार सहायक सुदर्शन साहू, कोमल यादव, कमल, डीलेश्वर साहू सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# वार्ड पंच ने शपथ से पहले सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम पंचायत ठेनही के वार्ड क्रमांक 4 (गाताभर्री) से निर्विरोध नवनिर्वाचित वार्ड पंच डी.के. यादव ने शपथ लेने से पहले गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान के लिए तत्परता दिखाई। ग्रामीणों ने उनके सामने पेयजल संकट, बिजली ट्रांसफार्मर की कमी, सड़क व पुल निर्माण, प्राथमिक शाला में अहाता व खेल मैदान जैसी समस्याएं रखीं। यह समस्याएं और मांग कई वर्षों से लंबित है। श्री यादव ने ग्रामीण को इन समस्याओं जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### स्वच्छता अभियान से शुरुआत

वार्ड पंच श्री यादव ने अपने कार्यकाल की शुरुआत स्वच्छता अभियान से की, जिससे गांव में सफाई व्यवस्था बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने उन पर विश्वास जताया है। वे ग्रामीणों की आशाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनका लक्ष्य स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को हर घर तक पहुंचाना है।

# पद और गोपनीयता की ली शपथ

- नगरी विकासखंड में नवनिर्वाचित पंचों और सरपंचों ने पदभार सम्हाला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





नगरी ब्लॉक के 102 ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंचों एवं पंचों पद एवं गोपनीयता के साथ गांव में स्वच्छता बहाल रखने की शपथ ली। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत उमरगांव एवं छिपली में भी विधिवत रूप से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत उमरगांव में सचिव आसत राम मरकाम द्वारा नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती अंजना ध्रुव एवं सभी 20 पंचों को ग्रामवासियों की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निवर्तमान सरपंच सुरेश मरकाम, पूर्व सरपंच मोहन पुजारी, घुराऊ राम शेष, कृष्णा मारकोले, देवेंद्र सेन, अंगेश हिरवानी, लखन पुजारी, नरेश छलांगिया, जनक साहू, बेददास मानिकपुरी, आर. डी. मानिकपुरी, नारायण दास, विष्णु शेष, नारायण पुजारी, विनोद यादव, ऋतुदमन नागेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ की गूगल बैठक हुई



**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर की ऑनलाइन गूगल बैठक 3 मार्च दोपहर 1 बजे हुई, जिसमें सभी 33 जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में धान परिवहन, गत वर्ष की धान खरीदी का कमीशन, गत शॉर्टेज प्रोत्साहन राशि, गत वर्ष धान सूखत, ब्याज अनुदान की राशि, वर्तमान वर्ष शून्य शॉर्टेज प्रोत्साहन का प्रावधान, समितियों मे प्रबंधकों की भरती ,प्रबंधकीय अनुदान राशि, बिलासपुर जिले के धान खरीदी में करोड़ों रुपए घोटाले की निष्पक्ष जांच कराने जैसे कई विषयों पर चर्चा की गई।

### मानसगान में ख्यातनाम मंडलियों ने दी प्रस्तुति




**धमतरी।** ग्राम पंचायत बाजार कुर्रीडीह में महाशिवरात्रि के अवसर पर दो दिवसीय मानसगान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें अनेक ख्याति प्राप्त मंडलियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में श्री सरगम मानस परिवार बाजार कुर्रीडीह, शारदा मानस परिवार बागोडार, महामाया मानस परिवार आरंग, पंच रागिनी मानस परिवार सिलघट, कृष्णा मानस परिवार बावनलाख, कामरू कामाख्या मानस परिवार डोंगरीपारा, सुर साधना बालिका मानस परिवार चंदसूर, विनय मानस परिवार भिलौरी, प्रज्ञा मानस परिवार गरियाबंद, पैरी लहर मानस परिवार दुधवारा, जय शंकर मानस परिवार चिखली गरियाबंद की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीषम चंद्रकला साहू, अजय ध्रुव, मनीषा नरेश मरकाम, सियाराम ओटी, विशिष्ट अतिथि गिरवर नागवंशी, अक्टूराम, ईश्वर सेन, श्याम लाल, कन्हैया लाल सलाम, दिलीप सिन्हा, संतराम मरकाम, हेमंत ध्रुव थे। कार्यक्रम का संचालन संतोष यादव ने किया।

### ईडी दफ्तर घेराव में शामिल हुए एनएसयूआई कार्यकर्ता



**धमतरी।** प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कांग्रेस भवन में कार्रवाई को द्वेषपूर्ण बताते हुए छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में जिले से दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता इस विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित हुए। युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा का आरोप है कि ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है और विपक्षी नेताओं को राजनीतिक दुर्भावना से निशाना बना रही है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि ईडी भाजपा के इशारे पर लगातार कांग्रेस के नेताओं को परेशान करने का काम कर रही है। कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह ग़ैंदू को सारी जानकारी देने के बावजूद 9 घंटे से ज्यादा समय तक अपने कार्यालय में रोक के रखा गया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी की जासूसी करने के लिए अधिकारी लगाया गया जो कि अनैतिक है। इस प्रदर्शन में राजा देवांगन के साथ विशु देवांगन, नमन बंजारे, उमेश साहू, अरविन्द यादव, रवि देवांगन, चैतन्य साहू, रोहित जगत, तेजप्रकाश साहू शामिल रहे।

### बजट में फिर छला गया धमतरी : गौतम



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ का बजट पेश किया। इस बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी ने कहा कि इस बजट में नर्सिंग कॉलेज की घोषणा की गई लेकिन उसे कुरूद को सौंप दिया गया। धमतरी को पूर्व की भांति छला गया है। जब बजट पेश हो रहा था तो धमतरी वासियों की नजर इस बजट में थी कि आज कुछ नई सौगात मिलेगी लेकिन इंडोर स्टेडियम और अस्पताल उन्नयन को छोड़ अन्य कोई बड़ी सौगात बजट में नहीं मिली। धमतरी विधानसभा ने महापौर सहित 27 पार्षद, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष, 3 जिला पंचायत सदस्य भाजपा को दिए है, पर जब विकास की बारी आई तो कुरूद सहित अन्य जिलों को तवज्जो दिया गया। पूरे प्रदेश में शिक्षा को लेकर, स्वास्थ को लेकर, युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए यह बजट निराशाजनक रहा।

# कुरूद कॉलेज के 22 खिलाड़ियों ने बनाई राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद




संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के 22 खिलाड़ियों ने सत्र 2024–25 में राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाकर कुरूद महाविद्यालय का नाम पूरे छग राज्य में रोशन किया है। विशेष उपलब्धि तुलेश्वरी की है, उन्होंने महिला क्रिकेट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

कुरूद महाविद्यालय से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर, विवि स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर लगातार खिलाड़ियों का चयन होता आ रहा है। प्रत्येक वर्ष लगभग 15 से 20 खिलाड़ी विभिन्न विधाओं में अखिल भारतीय/विश्वविद्यालयीन प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिनिधित्व करते हैं। इस क्रम को बरकरार रखते हुए सत्र 2024–25 में कॉलेज के 22 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाकर कुरूद महाविद्यालय का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों में नितिन कुमार बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर खो-खो में एफएम यूनिवर्सिटी उड़ीसा, तनुजा बाक्सिंग सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी भटिण्डा पंजाब, दुर्गा कोडोपी एथलेटिक्स केआईआईटी यूनिवर्सिटी उड़ीसा, मुकेश निर्मलकर जुडो जीएनडीयु अमृतसर, सत्यवती मरकाम जुडो जीएनडीयू अमृतसर, गुणिता नेटबाल सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जयपुर, श्रुति नेटबाल सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी जयपुर, हर्ष चन्द्रवंशी कुश्ती सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी भटिण्डा पंजाब, तीनू साहू कुश्ती सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी भटिण्डा पंजाब, हेमा कुश्ती सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी भटिण्डा पंजाब, लक्ष्मी वेट लिफ्टिंग लवली प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी लुधियाना पंजाब, कविता नेताम खो-खो विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग झारखण्ड, दुर्गा कोडोपी खो-खो विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग झारखण्ड, टेमन साफ्टबॉल विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन, रूपेश हैण्डबॉल सीआरएसयू यूनिवर्सिटी, प्रकांत हैण्डबॉल सीआरएसयू यूनिवर्सिटी, देवेन्द्र साहू हैण्डबॉल सीआरएसयू यूनिवर्सिटी, मधुकांत बॉल बैडमिन्टन बैंगलुरू नार्थ यूनिवर्सिटी कोलर-कर्नाटका, बमलेश्वर बॉल बैडमिन्टन बैंगलुरू नार्थ यूनिवर्सिटी कोलर-कर्नाटका, भूमिका बॉल बैडमिन्टन अलगप्पा यूनिवर्सिटी तमिलनाडु, सारिका बॉल बैडमिन्टन अलगप्पा यूनिवर्सिटी तमिलनाडु, तुलेश्वरी क्रिकेट केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर उड़ीसा।

खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने पर प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी अमित टंडन, क्रीड़ा सहायक शहनाज बेगम एवं क्रीडा समिति के सदस्य हरिराम साहू, रेणु पाटले, लीना दिली, चित्रमणी श्रीमाली, डॉ. एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ.आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, पवन ताम्रकार, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, शिबा वंजारी, राकेश सोनकर, कृपाराम साहू, रेणु पाटले, चित्रमणी श्रीमाली, डॉ. विक्रमसिंह, लीना दिली, विजय कुमार, कौस्तुभ तिवारी, नीलकंठ शिक्षक, एचआर उईके, तेजराम सिन्हा, वायआर उईके, केआर डहरे, ढालूराम साहू, लुकेश विश्वकर्मा, घनश्याम यादव, रविकुमार साहू, किशोर साहू, प्रेमचंद कुर्रे, प्रभालता चन्द्राकर, डिगेश्वर बैस आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### कुरना स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**कांकेर।** प्राथमिक शाला कुरना में न्योता भोज का 3 मार्च को किया गयाआयोजन किया गयाकुरना/ नरहरपुर/ 3 मार्च 2025 विकासखंड नरहरपुर अन्तर्गत कुरना के प्राथमिक शाला आवासपारा कुरना में 3 मार्च को न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज का आयोजन छात्रों के पालक भारती जुर्री, संगीता कुंजाम और गंगा जुर्री के द्वारा अयोजित किया गया। स्कूल के छात्र छात्राओं को खीर, पुड़ी, चांवल, दाल और सब्जी दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुरलीधर गंजीर, अंकुश भक्त, प्रभा ध्रुव एवं ग्राम के पटेल, ग्रामीण, शिक्षक शिक्षिका और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा शुरू 293 विद्यार्थी रहे गैरहाजिर

**जगदलपुर।** हाईस्कूल दसवीं बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई है। पहले दिन हिन्दी विषय का पर्चा हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि जिले के 105 परीक्षा केन्द्र में 8324 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। कुल दर्ज संख्या 8617 में 293 गैर हाजिर रहे। कहीं भी नकल का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है।

### जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन 6 से 11 तक

**जगदलपुर।** बस्तर के जनपद पंचायत बकावण्ड, दरभा, बास्तानार, में 6 मार्च, जनपद पंचायत लोहण्डीगुडा का 10 मार्च और जनपद पंचायत जगदलपुर का 11 मार्च को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मिलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सभी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को

**सुकमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन हेतु जिले में विभिन्न खंडपीठों की स्थापना की गई है। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि सुकमा जिले के विभिन्न न्यायालय कक्षों में 10 खंडपीठ गठित की गई हैं, जिनमें अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय और तहसील न्यायालय शामिल हैं। लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों दांडिक, भू-अर्जन, आरबीसी 6(4) तथा विविध प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा। संबंधित पीठासीन अधिकारी विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विवादों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। लोक अदालत में किए गए समझौतों को न्यायिक मान्यता प्राप्त होगी एवं यह अंतिम होगा।

### पात्र-अपात्र की सूची जारी

**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन की सेवाएं लिये जाने के संबंध में संदर्भित पत्र के माध्यम से प्राप्त निर्देश, मार्गदर्शिका के परिपालन में आवास मित्र समर्पित मानव संसाधन के चयन 31 दिसंबर 2024 के माध्यम से आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे।तथा 19 जनवरी के द्वारा उक्त पदों हेतु 27 जनवरी तक दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। निर्धारित तिथि तक अभ्यर्थियों द्वारा कोई भी दावा आपत्ति प्रस्तुत नहीं किया गया है। तद संबंध में दावा आपत्ति निराकरण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम पात्र-अपात्र, मेरिट सूची तैयार किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिला दंतेवाड़ा के वेब साईट पर देखा तथा डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य जानकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा, संबंधित जनपद पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### कोयलीबेड़ा पंचायत में 13 महिलाएं बनीं पंच

**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा में आरक्षण का लाभ लेते हुए पहली बार 13 वार्डों में महिलाओं ने अपनी जीत दर्ज करवाई है, वहीं ग्राम पंचायत कोयलीबेड़ा में 20 वार्ड है। सात वार्डों में पुरूष पंच ने जीत हासिल किया है।

ग्राम गोरेगांव में हुआ आयोजन

# ध्रुव गोंड़ समाज की महासभा में नशामुक्ति पर जोर






हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

तहसील नगरी के ग्राम गोरेगांव में ध्रुव गोंड़ समाज की 69वीं महासभा शुक्रवार को समाप्त हुई। आयोजन की शुरुआत ध्रुव गोंड़ समाज के पांचों वंशों के ध्वज एवं कलश स्थापना के साथ हुई थी। समाज के लोगों ने बुढ़ादेव की स्तुति कर पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन किया।

इस महासभा में महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही, जिससे पूरा आयोजन खास बन गया। आदिवासी वेशभूषा में सजी कन्याओं की उपस्थिति ने पूरे माहौल में आदिवासी परंपरा और संस्कृति का रंग भर दिया। महासभा में आदिवासी समुदाय को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों की जानकारी साझा की गई। युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नीलू छेदैहा ने इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी, जिससे समाज के लोगों में जागरूकता बढ़ी। धमतरी तहसील अध्यक्ष जयपाल ठाकुर ने महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि नशे के कारण समाज की महिलाएं असुरक्षित हो रही हैं। उन्होंने नशामुक्त समाज की स्थापना की आवश्यकता पर जोर दिया।

#### सामुदायिक भवन की घोषणा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम के प्रतिनिधि भानेन्द्र ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने महासभा में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़ की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज की यह एकजुटता प्रशंसनीय है। साथ ही, विधायक महोदया के निर्देश पर ग्राम गोरेगांव में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी की।

#### विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श

इस अवसर पर समाज के कई पदाधिकारियों और वक्ताओं ने महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। शशि ध्रुव ने नारी पढ़ेगी, विकास गढ़ेगी पर विचार व्यक्त किए। शैल्य नेताम ने महिलाओं की सामाजिक सहभागिता पर बल दिया। उमाशंकर नागवंशी ने युवाओं को अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। सुरेंद्र ध्रुव ने हमारी संस्कृति, हमारी पहचान। शशिकला नेताम ने समाज में फैली कुरीतियों पर प्रकाश डाला।

#### समाजसेवियों का सम्मान

समाज की बेहतरी में योगदान देने वाले समाजसेवियों को महासभा में सम्मानित किया गया। नरेश छेदैहा, जितेंद्र ध्रुव और टिकेश्वर ध्रुव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, समस्त प्रभाग के पदाधिकारियों को उनके 5 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

#### पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन

महासभा में समाज के पदाधिकारियों का चयन रूढ़ि प्रथा के अनुसार सर्वसम्मति से किया गया। तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोरी, कोषाध्यक्ष सुरेश ध्रुव, महासचिव नरेश छेदैहा, सह-सचिव पुरन नेताम, वित्त सचिव मानिक लाल नेताम, संचालक हुलास सुर्याकर, संरक्षक छेद प्रसाद कौशिल, तुलाराम ओटी, लोकेश मरकाम, धनसिंह नेताम के साथ युवा एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का भी चयन किया गया।

#### महासचिव नरेश छेदैहा ने पूरा किया 30वां वर्ष का कार्यकाल

महासचिव नरेश छेदैहा ने अपना 30वां वर्ष का कार्यकाल पूर्ण किया, जो समाज के प्रति उनकी निष्ठा को दर्शाता है। मीडिया प्रभारी सुरेंद्र राज ध्रुव ने उनकी सफलता का रहस्य पूछा, तो उन्होंने कहा कि ईमानदारी, सहजता, कुशल सामाजिक प्रबंधन, सहनशीलता और परिवार का सहयोग यही किसी भी पदाधिकारी के लिए सफलता की कुंजी है।

महासभा में गीत, नृत्य, प्रेरणादायक भाषण और सामाजिक विषयों के समाधान का विशेष आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और एकजुटता की झलक देखने को मिली।

# फुटपाथ की गुणवत्ता में गड़बड़झाला, भड़के महापौर



■ कार्यभार ग्रहण करते ही पहले दिन महापौर एक्शन मोड में दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने सोमवार को बिलाईमाता मंदिर के पास लगाए जा रहे चेकर की गुणवत्ता को लेकर संबंधित ठेकेदार को नोटिस देकर समझाईश दी। श्री रोहरा ने कार्यस्थल पर अधिकारियों को बुलाकर सख्त निर्देश दिए कि काम में गुणवत्ता बनाए रखें। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। श्री रोहरा कार्यभार ग्रहण करते ही पहले दिन एक्शन मोड पर दिखे।

महापौर रोहरा ने बिलाईमाता मंदिर से नहरनाका तक बनाए जा रहे फुटपाथ एवं पेवर ब्लाक का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता की कमी पाई। महापौर ने मौजूद अधिकारी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि कार्यों में गुणवत्ता लाई जाए। काम रूकवाकर ठेकेदार का भुगतान रोका जाए। ठेकेदार को समझाईश दी गई कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता लाएं अन्यथा कार्रवाई होगी। महापौर श्री रोहरा ने बताया कि इस कार्य को लेकर उन्हें शिकायत मिली थी। इस शिकायत की जांच के लिए पहुंचे थे। शिकायत सहीं पाई गई। कार्य में गुणवत्ता की कमी है। निविदा शर्तों के मुताबिक निर्माण कार्य नहीं हो रहा है। श्रीरोहरा ने कहा कि जनता के पैसों का दुरूपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

# बजट को मिली भाजपाइयों की सराहना






■ बोले; हमने ही बनाया है और हम ही संवार रहे हैं

■ कुरुद को मिला 100 बिस्तर का अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज व इंडोर हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छग विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य का 25वां बजट पेश किया। युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा, किसान कल्याण, सरकारी कर्मचारियों के हित, अधोसंरचना निर्माण और महिलाओं के संरक्षण के लिए बड़ी घोषणाएं की गई। बजट 1.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है, जो पिछले बजट की तुलना में 12% अधिक है।

छग सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की तारीफ करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निरंजन सिन्हा ने कहा कि यह बजट छग की प्रगति के लिए बनाया गया है। यह गांव, गरीब और किसानों का बजट है, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का विकास होगा। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार ने न तो कोई अच्छा बजट पेश किया और न ही कोई ठोस विकास कार्य किया, केवल भ्रष्टाचार हुआ। अब डबल इंजन सरकार का लाभ छत्तीसगढ़ को मिल रहा है।

नवनिर्वाचित नपं. कुरुद अध्यक्ष ज्योति भानू चंद्राकर ने सराहना करते हुए कहा कि विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से इस बजट में जहां कुरुद के सिविल अस्पताल को 100 बिस्तरों में अपग्रेशन की सौगात मिली है। वहीं नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के अलावा इंडोर स्टेडियम का निर्माण को शामिल किया गया है। महतारी वंदना योजना का बजट 5,500 करोड़ रुपये रखा गया। लखपति बहन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का लक्ष्य, वर्किंग वुमन नौकरी और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रॉजेक्ट है। ग्रामीण इलाकों में महतारी घरों का निर्माण, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

पूर्व नपं. अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि बजट में छग के सर्वांगीण विकास की दूरगामी सोच परिलक्षित होती है।पिछले वर्ष का बजट /"ज्ञान/" (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) पर आधारित था, जबकि इस वर्ष का बजट /"गति/" (गुड विकास का नया संकल्पना, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक विकास) पर आधारित है, जिससे छग का नया विकास का लक्ष्य स्थापित हुआ। पेट्रोल पर 1 रुपये प्रति लीटर की कटौती। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 845 करोड़ रुपये। रेलवे ब्रिज ओवर निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपये। राज्य राजमार्गों के सुधार के लिए 109 करोड़ रुपये। बड़े पुलों के निर्माण की लागत 574 करोड़ रुपये शामिल है।

भाजपा कुरुद मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप 2047 तक विकासशील भारत को विकसित भारत परिवर्तन करने की दृष्टि से बजट तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में विकासशील छग को विकसित छत्तीसगढ़ में परिवर्तित करने की दृष्टि से यह उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कुरुद के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए बजट में कुरुद को स्थान दिलाने के लिए विधायक चंद्राकर की प्रयासों की प्रशंसा की है।

अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सोनवानी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा के ध्येय वाक्य हमने बनाया है हम ही संवारेंगे को चरितार्थ करने वाला बजट है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में छग तेजी से आगे बढ़ रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता मालकराम साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार में छग विकास के मार्ग से भटक गई थी। बजट में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला सहित हर वर्ग के विकास को प्राथमिकता दी गई है साथ ही यह प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश के लिए बजट सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी और सर्वहितैषी है, जो प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

# 19वें बरस भी राजिम कुंभ में गूंजती रही निरंजन आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव




छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध हास्य-व्यंग कवि एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ेली के व्याख्याता निरंजन साहू के ठहाके की आवाज लगातार 19वें बरस भी राजिम कुंभ (कल्प) में गूंजती रही।

निरंजन साहू बचपन से ही लोक कलाओं से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कई नाटकों में विभिन्न किरदारों को बहुत दमदारी से निभाया। आज संपूर्ण छत्तीसगढ़ में रामायण मंच, जस गीत मंच, राम सत्ता मंच, पंथी मंच, कवि सम्मेलन का मंच, डीजे डांस का मंच, लोककला मंच और अन्य साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा धार्मिक आयोजनों मंच संचालक के रूप में जाने जाते हैं। राजधानी रायपुर के राज्योत्सव के साथ ही राजिम कुंभ में वह लगातार 19 वर्षों से मुख्य सांस्कृतिक मंच में मुख्य मंच संचालक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस वर्ष भी उसकी खानकदार आवाज से पूरा राजिम कुंभ गूंजता रहा। वे हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अभिजीत भट्टाचार्य, सुरेश वाडेकर, राजेंद्र जैन, करीना कपूर, सलमान खान, बाबा सहगल, बाबा हंसराज रघुवंशी, लखबीर सिंह लक्खा, तृप्ति शाक्या, स्वाति मिश्रा, मैथिली ठाकुर जैसे कई नामी हस्तियों की होस्टिंग कर चुके हैं। उनकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि विधा के अनुसार और कलाकार के अनुरूप तत्काल कविता या शेरो- शायरी बना लेते हैं। इसके कारण उनके मंच संचालन बेहद प्रभावशील हो जाता है।

# बजट में मिली धमतरी को कई सौगात : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महापौर व भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा के प्रयासों से धमतरीवासियों को बड़ी सौगात मिली है। रामू रोहरा ने चर्चा के दौरान बताया कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में छत्तीसगढ़ का आम बजट प्रस्तुत किया गया, जिसमें धमतरी को बड़ी सौगात मिली है। धमतरीवासियों की सालों पुरानी मांग प्रमुख सड़कों को बजट में शामिल किया गया है। श्री रोहरा ने बताया कि सिहावा चौक से दानीटोला नहर नाका चौक तक, रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक और अम्बेडकर चौक से रुद्री तक फोरलेन रोड निर्माण को बजट में शामिल किया गया है, जिसके लिए करोड़ों रूपये का प्रावधान किया गया है। उक्त सड़कों के बन जाने से शहर का यातायात व्यवस्थित व धूल मुक्त हो जायेगा दुर्घटनाओं में कमी आएगी। व्यापार में वृद्धि होगी। धमतरीवासियों की मांग पूरी करने पर श्री रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार माना है।

### हाईस्कूल देवपुर में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह

**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल देवपुर में वार्षिक उत्सव एवं कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रा भोजकुमारी निषाद को सत्र 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का सम्मान प्रदान किया गया। छात्र पौरुष देवांगन का मल्टीनेशनल कम्पनी में चयन होने पर उनके पिता भगवान लाल देवांगन, नीलकमल साहू का कृषि विस्तार अधिकारी में चयन होने पर उनके पिता रेवाराम साहू, कुमारी पूजा कंवर का केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयन होने पर उनकी मां ओमिन कंवर को सम्मानित किया गया।

# सरपंच पेखन साहू सहित दस पंचों ने ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

छत्तीसगढ़ शासन की आदेशानुसार नवनियुक्त सरपंच, पंचगण ने 3 मार्च को अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। ग्राम पंचायत अरौद की सचिव माहेश्वरी ध्रुव ने सरपंच पेखन साहू, पंच आत्मा राम साहू, लिलेश्वरी साहू, झामीन बाई साहू, डामीन बाई साहू, गीता बाई साहू, प्रदीप साहू, बिंदेश्वरी साहू, गुलाब राम साहू, टिकेश साहू, दुर्गा सेन को जनपद पंचायत से प्राप्त पत्र पढ़कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रिखी राम साहू, दिनेश साहू, धर्मेन्द्र साहू, बलराम साहू, साधु राम साहू, महेन्द्र साहू, प्यारे लाल साहू, एवन साहू, सुरेश साहू, राधेश्याम साहू, गोविन्द साहू, गुड्डा राजपूत, गरीब साहू, बिसेसर साहू, धनेश्वर साहू, हेमकुमार साहू, गिरेश साहू, नारायण साहू, लालजी यादव, विशंभर साहू, तेजराम, बलराम, खेमू प्रजापति, ठाकुर राम साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खरतुली के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**धमतरी।** रविवार को प्राथमिक शाला खरतुली के 48 छात्रों ने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं उनके पाठ्यक्रम में पाठों को मूर्त रूप में अवलोकन करने के लिए विद्यालय के प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के मार्गदर्शन में शैक्षणिक भ्रमण किया

छात्रों को राजिम, चम्पारण एवं मुक्तांगन का भ्रमण कराया गया। सभी छात्रों ने अवलोकन के पश्चात यात्रा वृतांत लिखा। बेहतर ढंग से यात्रा वृतांत लिखने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया जायेगा । विद्यालय के मासिक पत्रिका/" बालमन/"में स्थान दिया जायेगा, जिससे बच्चों में लेखन कौशल, कल्पनाशीलता, मौलिकता, अभिव्यक्ति क्षमता, अक्षर सुधार आदि कौशलों का विकास होगा। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय से शिक्षिका तारकेश्वरी सोनबेर, कल्याणी ठाकुर, सहायिका तुलसी उईके, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भारतराम साहू सम्मल्लित हुए। मौके पर सरपंच उमेश्वर नेताम, अर्जुन साहू एवं पालकगण उपस्थित रहे।

### नहर सत्याग्रह से कंडेल को मिली पहचान

**धमतरी।** ग्राम कंडेल में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सन 1920 में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव ने अंग्रेजों के विरुद्ध नहर सत्याग्रह किया। इससे राष्ट्रीय परिदृश्य पर गौरव ग्राम कंडेल को एक नई पहचान मिली।

# दो दिवसीय कबीर सत्संग आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



सप्तऋषियों की पावनधरा चित्रोत्पला गंगा महानदी एवं सीतानदी के गोद में बसे बेलरगांव में 4 एवं 5 मार्च दो दिवसीय भव्य कबीर सत्संग समारोह का आयोजक रखा गया है।

सत्संग बस स्टैंड के पास रखा गया है। जहां 1 बजे से शाम 5 बजे तक सत्संग होगा, जिसमें मानवतावादी सिद्धांत के प्रवर्तक एवं सत्य की राह दिखाने वाले संत सम्राट सद्गुरू कबीर

साहेब की वाणी को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत असंग देव जी साहेब उ. प्र. से अपने संत मण्डली सहित पधार रहें हैं। कबीर सत्संग समिति बेलरगांव के सदस्यों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है। आयोजक समिति के सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं, जिसमें सदस्य चमरू राम साहू, एएल बनपेला, कंवल राम साहू, प्रकाश चंद्र साहू,



प्रकाश सेन, अमर सिंह पटेल, हीरालाल देवांगन, खेमन साहू, भूपत साहू, बलदेव साहू, चुन्नूलाल साहू, ज्ञानेश्वर साहू आदि शामिल हैं।




सादर आमंत्रण
नगर पंचायत नगरी
के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का
शपथ ग्रहण समारोह
4 मार्च 2025 मंगलवार, दोपहर 12 बजे, नगर पंचायत परिसर नगरी
सम्माननीय नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों, नगर पंचायत नगरी में एक नए युग की शुरूआत होने जा रही है।
नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री बलजीत छाबड़ा एवं 15 वार्डों के सम्मानित पार्षदगण
आज अपने पद एवं कर्तव्यों की शपथ लेंगे। इस ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर पर आप सभी की स्नेहपूर्ण
उपस्थिति सादर आमंत्रित है। आइए, नगर के उज्जवल भविष्य और समृद्धि के शुभ क्षण के साक्षी बनें।
आपकी उपस्थिति हमें और नगर को नई ऊर्जा एवं प्रेरणा प्रदान करेगी।
श्री बलजीत छाबड़ा
अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी
विकास बोहरा
वार्ड क्र. 6
राजा पवार
वार्ड क्र. 1
देवचरण ध्रुव
वार्ड क्र. 2
मिक्की गुप्ता
वार्ड क्र. 3
नरेश पटेल
वार्ड क्र. 4
विनीता कोठारी
वार्ड क्र. 5
चेलेश्वरी साहू
वार्ड क्र. 7
जयंती साहू
वार्ड क्र. 8
अलका किरण
वार्ड क्र. 9
डिगेश्वरी साहू
वार्ड क्र. 10
अश्वनी निषाद
वार्ड क्र. 11
अम्बिका ध्रुव
वार्ड क्र. 12
आसकरण पटेल
वार्ड क्र. 13
शंकरलाल देव
वार्ड क्र. 14
हरिश साहू
वार्ड क्र. 15
:: विनीत ::
मुख्य नगर पंचायत अधिकारी
नगर पंचायत नगरी
- शुभेच्छु एवं सौजन्य -
कुलदीप साहू
सक्रिय सदस्य भाजपा
जितेंद्र मंडावी
सक्रिय सदस्य भाजपा
अंगेश हिरवानी
सक्रिय सदस्य भाजपा
राजू पटेल
सक्रिय सदस्य भाजपा
गोपी कश्यप
सक्रिय सदस्य भाजपा